# कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, ब्लॉक –उमरैण (अलवर)

E-Mail:- cbeosmsaumrain@gmail.com

क्रमांक 1२५५ दिनांक 5/9/19

## –: ब्लॉक समीक्षा बैठक कार्यवाही :–

आज दिनांक 04.09.2019 को उमरैण पंचायत समिति के सभागार में आर0टी0ई प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त पीईईओ एवं शहरी क्षेत्र के 55 संस्था प्रधान उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार सम्पादित की गयी।

01. **आर0टी0ई0 भौतिक सत्यापन** :– श्री कमलेश गुरू एसीबीईओ–प्रथम, उमरैण द्वारा आर0टी0ई0 के विस्तृत दिशा निर्देशों के संबंध में समस्त संस्था प्रधानों के साथ चर्चा की गयी। जिसमें आरटीई के अन्तर्गत निःशुल्क सीटों पर प्रवेशित बालक/बालिकाओं का आधार सत्यापन, निःशुल्क एवं सशुल्क सीट्स पर अध्ययनरत बालक/बालिकाओं की जॉच, विद्यालय द्वारा ली जा रही फीस की जॉच एवं नवप्रवेशित बालकों के आवेदन पत्रों के जॉच के बारे में समझाया गया एवं उक्त कार्य को 25 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समस्त निरीक्षण कर्ता को भौतिक सत्यापन कार्य सम्पूर्ण कर एक प्रति सम्बन्धित निजी विद्यालय के संस्था प्रधान को उपलब्ध करवाकर व ऑनलाईन करवाकर दूसरी प्रति ब्लॉक कार्यालय पर जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के संबंध में समस्त भौतिक सत्यापन करने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण दिनांक 06.09.2019 को जैन बी0एड0 कॉलेज अलवर में प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

02. **शाला दर्पण मॉड्यूल्स** :– श्री कमलेश गुरू एसीबीईओ–प्रथम, उमरैण द्वारा ब्लॉक वाईज मॉनिटरिंग सिस्टम के 42 पैरामीटर्स पर विस्तृत चर्चा की गयी। शाला दर्पण पर समस्त मॉड्यूल्स जैसे नामांकन, इन्फ्रास्टक्चर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, लाभकारी योजनाऐं, आधार फिडिंग, भामाशाह फिडिंग, एसएमसी रजिस्ट्रेशन, 80जी रजिस्ट्रेशन व अवलोकन आदि की शत–प्रतिशत फिडिंग करने के निर्देश दिये गये। मुख्य जिशिअ के निर्देशानुसार ऑफलाईन कार्मिकों की सूचना मुख्यालय पर भिजवाने के निर्देश थे पीईईओ शाहपुर के 2 कार्मिक (अजय यादव, शशि गुप्ता) पीईईओ कस्बाडहरा के अधिन राउप्रावि टोडियार में आरती यादव की रिपोर्ट प्राप्त हुई जो मेल द्वारा माध्यमिक मुख्यालय को भिजवा दी गयी। साथ ही उजियारी ग्राम पंचायतो में केवल 08 ग्राम पंचायतो ने आवेदन किया है परिषद द्वारा दूरभाष पर इसे न्यून बताया गया है। समस्त पीईईओ को निर्देशित किया गया है दिनांक 07.09.2019 तक आवश्यक रूप से अपनी ग्राम पंचायत का उजियारी हेतु आवेदन कार्यालय में भिजवाकर शाला दर्पण पर फीड करे।

03. **एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (NISHTHA)** :– श्री जगदीश प्रसाद जाटव सीबीईओ, उमरैण द्वारा एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (NISHTHA) के संबंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देश पत्र क्रमांक रास्कूशिप/जय/प्रशिक्षण/2019–20/5328 दिनांक 30.08.2019 के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। समस्त पीईईओ को उनके क्षेत्र से दक्ष के0आर0पी0 चयनित कर निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट 2 एवं 3 में सीबीईओ कार्यालय में जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में केवल एक के0आर0पी0 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। समस्त पीईईओ अविलम्ब अपने परिक्षेत्र के के0आर0पी आवेदन पत्र दिनांक 05.09.2019 तक जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

04. **मिड–डे–मील (MDM) एवं अन्नपूर्णा दूग्ध योजना** :– श्री जगदीश प्रसाद जाटव सीबीईओ, उमरैण द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम मिड–डे–मील एवं अन्नपूर्णा दूग्ध योजना के तहत निर्धारित मापदडों पर विस्तृत चर्चा की गयी। समस्त संस्था प्रधानों को नियमित रूप से दैनिक एवं मासिक एस0एम0एस0 करने हेतु निर्देशित किया गया। अकबरपुर, टोडियार एवं ईटाराणा क्षेत्र में दूध के भाव अधिक होने के कारण अन्नपूर्णा दूग्ध योजना के संचालन में समस्या के बारे में संबंधित सस्था प्रधानों ने अवगत कराया व ईटाराना में अन्नपूर्णा दूग्ध योजना बंद करना बताया। एसएमसी वाले विद्यालयों में दूध योजना का भुगतान 01.04.2019 से बकाया होने के बारे में अवगत कराया। क्यूआरजी फाउण्डेशन द्वारा एमडीएम सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु संस्था प्रधानों द्वारा आवेदन किया जिन्हे मुख्यालय कार्यालय में प्रेषित कर दिया गया है। 1320 रूपये में कुक कम हैल्पर

Scanned by CamScanner

उपलब्ध नही होने के कारण एसएमसी प्रस्ताव लेकर यदि क्यूआरजी हेतु आवेदन करते है तो उस विद्यालय के पौषाहार क्यूआरजी से लगवाने हेतु प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी अलवर को भेज दिया जायेगा।

05. **जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया :–** श्री जगदीश प्रसाद जाटव सीबीईओ, उमरैण द्वारा प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी देकर संस्था प्रधानों को आवेदन पत्र वितरित किये गये साथ ही समस्त संस्था प्रधानों को अधिक से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15.09.2019 तक करवाकर हार्ड कॉपी सीबीईओ कार्यालय उमरैण में जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

06. **प्राथमिक शिक्षा क्रीडा प्रतियोगिता :–** श्री जगदीश प्रसाद जाटव सीबीईओ, उमरैण द्वारा दिनांक 22 से 23 सितम्बर 2019 राउप्रावि सोहनपुर में प्राथमिक शिक्षा क्रीडा प्रतियागिता आयोजित करने के बारे में जानकारी दी गयी। उक्त प्रतियोगिता में समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 11 वर्ष तक के छात्र/छात्राओं को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने हेतु निर्देशित किया।

07. **भारतीय स्काउट गाईड :–** श्री जगदीश प्रसाद जाटव सीबीईओ, उमरैण द्वारा वर्तमान में भारतीय स्काउट गाईड केवल तीन विद्यालयों में होना बताया गया। समस्त संस्था प्रधानों को भारतीय स्काउट गाईड संबंधी दिशा–निर्देश प्रदान किये गये व अधिक से अधिक संख्या में इसे प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 12.09.2019 को नजर बगीची अलवर में संस्था प्रधानों की मीटिंग आयोजित की जावेगी। जिसमें उपस्थित होकर जानकारी लेना सुनिश्चित करे।

08. **समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियॉ :–** श्री अशोक कुमार यादव, आर0पी0 उमरैण द्वारा राष्ट्रीय कृमि दिवस में 734 राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों को 160365 टेवलेट वितरित कर 93.25 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर समस्त संस्था प्रधानों को धन्यवाद दिया गया। शाला दर्पण पोर्टल पर समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का नामांकन शून्य प्रदर्शित हो रहा है इस हेतु समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया गया कि अपने अधिनस्थ समन्वित आंगनबाडी केन्द्रो पर मेटर टीचर द्वारा मॉनिटरिंग करवाकर नामांकन पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करावे। एसआईक्यूई शिक्षण सामग्री के संवंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी गयी एवं समस्त संस्था प्रधानों को आवश्यक एसआईक्यूई शिक्षण सामग्री परिषद् की वेबसाईट से आवश्यकता अनुसार ही डाउनलोड करने हेतु सुझाव दिया गया। आई0सी0टी0 5051 योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में फर्नीचर ग्रान्ट 23000 (तेइस हजार) रूपये प्रति विद्यालय व राउमावि माधोगढ व राउमावि मोहब्बतपुर दो विद्यालयों में 100000 (एक लाख) रूपये की राशि हस्तान्तरित होने की जानकारी दी गयी। श्रीमान् अति0 जिला परियोजना समन्वयक अलवर के कार्यालय द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काली पहाडी की राशि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहाडी बानसूर में हस्तान्तरित हो गयी थी परन्तु सम्बन्धित संस्था प्रधान से चैक प्राप्त कर राउमावि कालीपहाडी को प्रेषित कर दिया गया है। समस्त संस्था प्रधानों को अविलम्ब आई0सी0टी0 लैब में Earthing, Elecrification and Net Working का कार्य पूर्ण कर लैब की फोटो एवं प्रमाण पत्र कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिये गये। समस्त संस्था प्रधानों को उनके आई0सी0टी0 लैब प्रभारी के मोबाईल नं0 एवं ई–मेल आई0डी0 शाला दर्पण पर अपडेट करने के लिए कहा गया। राजीव गॉधी केरियर गाइडेन्स एवं काउन्सलिंग सेल (RGCGCC) के संवंध में जानकारी दी गयी। उक्त योजना से लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या शाला दर्पण पोर्टल पर अपेक्षाकृत कम है अतः समस्त संस्था प्रधान अपने विद्यालय के छात्रों को अधिकतम संख्या में पार्टल पर लॉगिन करवाने हेतु निर्देशित करें। समस्त संस्था प्रधानो को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, उमरैण

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–
01. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, अलवर
02. श्रीमान् अति0 जिला परियोजना समन्वयक, समसा अलवर।
03. श्रीमान् जिला शिक्षा अधिकारी प्रार0/माध्यमिक (मुख्यालय) अलवर।
04. समस्त पीईईओ/ संस्था प्रधान बलॉक उमरैण।
05. कार्यालय प्रति।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी 3/9/19
समग्र शिक्षा अभियान, उमरैण

Scanned by CamScanner

# कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पं0स0 उमरैण (अलवर)

## –: उपस्थिति प्रमाण पत्र :–

आज दिनांक 04.09.2019 को उमरैण पंचायत समिति के सभागार में आर0टी0ई प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्न कार्मिक उपस्थित रहे।

| क्र0सं0 | नाम कार्मिक मय पद | पदस्थापन स्थान | क्र0सं0 | नाम कार्मिक मय पद | पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विमला सुरेला, प्रधानाचार्य | राउमावि परसा का बास | 29 | भीम सिंह जाट, प्रधानाचार्य | राउमावि चाँदोली |
| 2 | सुमन यादव, प्रधानाचार्य | राउमावि उमरैण | 30 | सन्तोष कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य | राउमावि ढहलावास |
| 3 | अनिता राघव, प्रधानाचार्य | राउमावि केसरपुर | 31 | हरीश कुमार, व्याख्याता | राउमावि जटियाना |
| 4 | अरूणा जैन, प्रधानाध्यापक | रामावि दादर | 32 | चेतराम चाँवला, प्रधानाचार्य | राउमावि निठारी |
| 5 | अनिता अरोडा, प्रधानाचार्य | राउमावि जमालपुर | 33 | देशराज, प्रधानाचार्य | रामावि इन्दौक |
| 6 | मधु शर्मा, व्याख्याता | राउमावि घाटला | 34 | ताराचन्द, प्रधानाचार्य | राउमावि ढाकपुरी |
| 7 | ललतेश शर्मा व्याख्याता | राउमावि काली पहाडी | 35 | कर्ण सिंह छाछिया, प्रधानाचार्य | राउमावि कैरवावाल |
| 8 | रेणु जैन, प्रधानाचार्य | राउमावि मालाखेडा | 36 | राजकुमार यादव, प्रधानाचार्य | राउमावि बालेटा |
| 9 | भाग चन्द | राउमावि मौहब्बतपुर | 37 | लोकेश कुमार अवस्थी, प्रधानाचार्य | राउमावि कस्बाढहरा |
| 10 | किरण, प्रधानाचार्य | राउमावि साहोडी | 38 | लोकेश गुप्ता व्याख्याता | राउमावि हाजीपुर डढीकर |
| 11 | प्रदीप कुमार व0अध्यापक | राउमावि तुलेडा | 39 | महेन्द्र कुमार खटीक, प्रधानाचार्य | राउमावि बरखेडा |
| 12 | सीमा कपूर, प्रधानाचार्य | राउमावि अकबरपुर | 40 | बचनसिंह यादव, प्रधानाचार्य | राउमावि बखतपुरा |
| 13 | सुमन गुप्ता, प्रधानाचार्य | राउमावि पलखडी | 41 | रामलाल बैरवा प्रधानाचार्य | राउमावि कलसाडा |
| 14 | सुमन बाला शर्मा, प्रधानाचार्य | राउमावि बुर्जा | 42 | सतीश जैन | राउमावि भुगोर |
| 15 | मधु मालती, प्रधानाचार्य | राउमावि दिवाकरी | 43 | सीमा मीणा प्रधानाचार्य | राउमावि पूनखर |
| 16 | प्रियंका कुमारी, प्रधानाचार्य | राउमावि बीजवाड नरूका | 44 | भरत सिंह यादव, व0अध्यापक | रामावि माचडी |
| 17 | रामकिशोर बैरवा, प्रधानाध्यापक | रामावि सालपुर | 45 | प्रेमपाल सिंह तौमर, प्रधानाचार्य | राउमावि पाला |
| 18 | राजेश कुमार, प्रधानाचार्य | राउमावि बडेर | 46 | महताब सिंह, प्रधानाचार्य | राउमावि भण्डवाडा |
| 19 | रामजीवन सिंह, प्रधानाचार्य | राउमावि भण्डोडी | 47 | पुष्पा मीणा | राउमावि इन्द्रगढ |
| 20 | नरेन्द्र सिंह यादव, प्रधानाचार्य | राउमावि पृथ्वीपुरा | 48 | कोमल कान्त शर्मा, प्रधानाचार्य | राउमावि हल्दीना |
| 21 | कन्हैयालाल प्रधानाध्यापक | रामावि कैरवाडा | 49 | मधू मदान प्रधानाध्यापक | रामावि कुशालगढ |
| 22 | रूपराम जाट प्रधानाध्यापक | रामावि खेरली पिचनौत | 50 | सुरेश चन्द शर्मा | रामावि न04 अलवर |
| 23 | राजेश कुमार शर्मा | रामावि रेल्वे स्टेशन | 51 | सेवाराम | रामावि गाँधी नेशनल |
| 24 | अर्चना सिंघल, प्रधानाचार्य | राबाउमावि खन्ना | 52 | विजय कुमार शर्मा, व्याख्याता | राउमावि नवीन |
| 25 | उर्मिला तनेजा, प्रधानाचार्य | राउमावि यशवन्त | 53 | शीला यादव, प्रधानाचार्य | राबाउमावि नयाबास |
| 26 | ज्योति बांगिया, प्रधानाचार्य | राबाउमावि मन्नी का बड | 54 | संगीता मीणा, प्रधानाचार्य | राबाउमावि देवी जी गली |
| 27 | सीमा शर्मा, प्रधानाचार्य | राउमावि एस0एम0डी0 | 55 | शशी रानी शर्मा, प्रधानाचार्य | राउमावि-शिवाजी पार्क |
| 28 | राकेश शर्मा | राउमावि प्रताप | | | |

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन बीआरसीएफ
समग्र शिक्षा अभियान, उमरैण

Scanned by CamScanner